**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 13  सितंबर 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- ब्रिक्स सिर्फ देशों का समूह नहीं बल्कि समाधानों का ईकोसिस्टम है।**
- **प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली शिखर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए ब्रिक्स एवं सहयोगी देशों की सक्रिय भागीदारी और बहुमूल्य योगदान के लिए आभार जताया।**
- **मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पटियाला जिले के गाँव हडाना में कारगिल युद्ध के शहीद नायक मलकीत सिंह की 26 वीं पुण्य तिथि पर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की।**
- **हरियाणा के सहकारिता मंत्री ने सहकारिता को किसान, कर्मचारी, महिला और युवाओं की आर्थिक मजबूती का आधार बताया।**
- **सोनीपत में मुरथल रोड पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत और 2 घायल हुए।**

*************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि ब्रिक्स सिर्फ़ देशों का समूह नहीं है, बल्कि समाधानों का एक इकोसिस्टम है और पिछले दो दिनों की चर्चाओं ने इस विश्वास को और मज़बूत किया है। लचीलेपन, नवाचार , सहयोग और सततता पर ब्रिक्स सत्र में अपने समापन भाषण के दौरान, श्री मोदी ने उम्मीद जताई कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में अपनाया गया 'नई दिल्ली घोषणापत्र' साझा विज़न और भविष्य के सहयोग के लिए स्पष्ट दिशा देगा।

उन्होंने सभी नतीजों को समयबद्ध कार्यों में बदलने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया, जिनका ज़मीनी स्तर पर असर दिखे। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देश यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेंगे कि ब्रिक्स का ढांचा सिर्फ़ कागज़ी कार्रवाई तक सीमित न रहे, बल्कि असल ज़िंदगी में ठोस असर डाले।

श्री मोदी ने ज़ोर देकर कहा कि दुनिया अब इस समूह से ठोस नतीजों की उम्मीद करती है, न कि सिर्फ़ विचारों और वादों की। उन्होंने भरोसा जताया कि ब्रिक्स सामूहिक प्रयासों से निश्चित रूप से इन उम्मीदों पर खरा उतरेगा। प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली शिखर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी ब्रिक्स देशों, सहयोगी देशों और उनकी टीमों की तारीफ़ की और उनकी सक्रिय भागीदारी और बहुमूल्य योगदान के लिए उनका आभार जताया। श्री मोदी ने कहा कि उनकी मौजूदगी ब्रिक्स की बढ़ती अहमियत, खुलेपन और समावेशिता का सबूत है।

इससे पहले, नई दिल्ली के भारत मंडपम में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के खुले सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आज कहा कि महामारी, जलवायु आपदाओं और सप्लाई चेन में रुकावटों ने यह दिखा दिया है कि आज की आपस में जुड़ी दुनिया में कोई भी संकट किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता। श्री मोदी ने कहा कि इसलिए ब्रिक्स देशों ने समूह के भीतर लचीलापन बढ़ाने पर विशेष ज़ोर दिया है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि **'ब्रिक्स रसद आपूर्ति श्रृंखला सहयोग प्रारूप'** आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक विश्वसनीय और **सुदृढ़** बनाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि छोटे उद्यमों को ज्ञान, वित्त और नए बाजारों से जोड़ने के लिए 'ब्रिक्स-एम.एस.एम.ई. सहयोग पोर्टल' स्थापित करने की पहल का प्रस्ताव रखा गया है। नवाचार के तहत, 'ब्रिक्स इन्क्यूबेटर नेटवर्क' स्टार्टअप्स और इन्क्यूबेटर्स को आपस में जोड़ेगा। उन्होंने बताया कि भारत ने नए और बड़े पैमाने पर लागू होने वाले समाधानों को बढ़ावा देने के लिए **'ब्रिक्स स्टार्टअप नवाचार कोष'** का प्रस्ताव रखा है।

श्री मोदी ने कहा कि स्मार्ट ग्रिड और ऊर्जा भंडारण के लिए **'ब्रिक्स डिजिटल उत्कृष्टता केंद्र'** की स्थापना की गई है, जो स्वच्छ ऊर्जा प्रणालियों को अधिक विश्वसनीय, कुशल और सुलभ बनाने में मदद करेगा। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि ब्रिक्स के भीतर विकसित समाधानों के लाभों को ग्लोबल साउथ की जरूरतों के अनुसार ढाला और उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

******************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंजाब के पटियाला जिले के गांव हडाना में कारगिल युद्ध के अमर शहीद नायक मलकीत सिंह की 26वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने शहीद नायक मलकीत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके अदम्य साहस और राष्ट्र के लिए दिए सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शहीद के परिवारजनों से बातचीत किया किया और उनके प्रति सम्मान एवं संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिक राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। शहीद नायक मलकीत सिंह का अदम्य साहस, वीरता और मां भारती के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा।शहीद नायक मलकीत सिंह की वीरगाथा आने वाली पीढ़ियों को कर्तव्यनिष्ठा, राष्ट्रभक्ति और देश की सेवा के लिए सदैव प्रेरित करती रहेगी।

******************************************************************

हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि सहकारी संस्थाओं को तकनीक, पारदर्शिता, जवाबदेही और आधुनिक प्रबंधन से जोडक़र किसान, कर्मचारी, महिला और युवाओं की आर्थिक मजबूती का बड़ा आधार बनाया जा रहा है। वे आज अंबाला छावनी में द पोस्टल एंड आरएमएस एम्प्लॉईस कोऑपरेटिव बैंक के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सहकारिता का मूल मंत्र 'मैं नहीं, हम' है।

डॉ. अरविंद शर्मा कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि देश को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने में सभी लोगों अहम भूमिका होगी।

उन्होंने कहा कि इस सहकारी बैंक से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली तक डाक एवं बीएसएनएल विभाग के 13 हजार से अधिक स्थायी कर्मचारियों का इससे शेयरधारक के रूप में जुड़ना सहकारिता की ताकत को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सदस्य को आवश्यकता के समय तुरन्त 11 लाख रुपये तक की ऋण सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था संस्था की सदस्य हित की भावना को दर्शाती है। बच्चों की शिक्षा, विवाह, मकान अथवा आकस्मिक जरूरत के समय अपनी सहकारी संस्था जब कर्मचारी के साथ खड़ी होती है तो वह केवल बैंक नहीं, बल्कि परिवार के सहयोगी की भूमिका निभाती है।

डॉ. शर्मा ने कहा कि हरियाणा में पैक्स को केवल खाद और ऋण वितरण तक सीमित रखने के बजाय बहुउद्देशीय बनाया जा रहा है, 710 पैक्स के कम्प्यूटरीकरण, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र और सामान्य सेवा केंद्र जैसी सुविधाओं के जरिए गांवों में सहकारी संस्थाओं को सेवाओं का मजबूत केंद्र बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

सहकारिता मंत्री ने बैंक प्रबंधन से सदस्य हित को प्रत्येक निर्णय के केंद्र में रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान निदेशक मंडल के प्रयासों से पिछले करीब दो वर्षों में बैंक की कार्यशील पूंजी में लगभग 200 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है।

*****************************************************************

आज फरीदाबाद के एनआईटी स्थित खान दौलतराम धर्मशाला सभागार में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से विशाल रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में फरीदाबाद, बल्लभगढ़ और पलवल से बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया, शिविर के दौरान लगभग 400 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर की संयोजक एवं पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने बताया-

समाजसेवी एवं रक्तदाता उमेश अरोरा ने कहा की थैलीसिमिया के मरीजों को रक्त की कमी के चलते यह शिविर लगाया गया।

*****************************************************************

सोनीपत में मुरथल रोड पर आज सुबह एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। हादसा तब हुआ जब एक तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराने के बाद अनियंत्रित हो गई और उस पर सवार तीनों युवक सड़क पर जा गिरे। हादसे में बाइक चला रहे सांदल कलां निवासी सुमित ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि अन्य दो युवकों प्रिंस और साहिल को सोनीपत के नागरिक अस्पताल ले जाया गया जहां से गंभीर रूप से घायल प्रिंस को प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई के लिए रेफर कर दिया गया ।

*****************************************************************